# 48974 - ईद की नमाज़ में इमाम के साथ अतिरिक्त तकबीरों के दौरान शामिल होना

**प्रश्न**

अगर मैं ईद की नमाज़ में इमाम के साथ उस समय शामिल होता हूँ जब वह तकबीर-ए-तहरीमा के बाद अतिरिक्त तकबीरें कहना शुरू कर देता है, तो क्या मैं इमाम के तकबीर कह लेने के बाद वे तकबीरें कहूँ जो मुझसे छूट गई थीं?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शैख इब्ने उसैमीन रहिमहुल्लाह से पूछा गया : अगर मैंने इमाम को इस हाल में पाया कि वह ईद की नमाज़ पढ़ा रहा था और अतिरिक्त तकबीरें कह रहा था, तो क्या हुक्म है? क्या मैं उन तकबीरों को पूरा करूँ, जो मुझसे छूट गई थीं या मुझे क्या करना चाहिए?

तो उन्होंने जवाब दिया :

“यदि आप इमाम के साथ तक्बीरों के दौरान शामिल हों, तो आप पहले तकबीर-ए-तहरीमा कहें, फिर शेष तकबीरों में इमाम का पालन करें और जो गुज़र गया, उसे आपको पूरा करने की ज़रूरत नहीं है।”